प्रेस नोट रामचन्द्र मिशन
जनपद शाहजहाँपुर

दिनाँक - 14.04.26

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में वांछित शातिर अभियुक्त को नाजायज बाँका सहित किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं अपराध में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई ।

संक्षिप्त विवरणः-

थाना रामचन्द्र मिशन पर वादी मुकदमा श्री रामकुमार पुत्र वंशीधर निवासी मोहल्ला विजयपुर रेती, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 71/2026 धारा 191(2), 74, 115(2), 352, 351(3), 324(4) बीएनएस बनाम शिवा, निखिल व 10 अन्य अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के दौरान दिनांक 14.04.2026 को समय करीब 20:23 बजे मुखबिर की सूचना पर इशाक मियां की मजार के पास, तारीन गाड़ीपुरा जाने वाले मार्ग पर गल्ले की दुकान के सामने से अभियुक्त निखिल दीक्षित पुत्र विमल दीक्षित निवासी मोहल्ला रेती, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 20 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज बाँका बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

निखिल दिक्षित पुत्र विमल दिक्षित निवासी मो0 रेती थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर उम्र करीब 20 वर्ष

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 71/26 धारा 191(2),74,115(2),352,351(3),324(4) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम

गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरणः-

दिनांक 14.04.26 को समय करीब 20.23 बजे मुखबिर की सूचना पर इशाक मियां की मजार के पास तारीन गाडीपुरा जाने वाले रास्ते पर गल्ले की दुकान के सामने से

बरामदगी का विवरणः-

एक अदद बांका

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. अपराध निरीक्षक श्री अमित कुमार, थाना रामचन्द्र मिशन , शाहजहाँपुर
2. उ0नि श्री प्रवीण कुमार थना रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर
3. हे0का0 शशि कान्त थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर